हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–81 : जौनपुर, शुक्रवार 13 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## डग्गामार वाहनों के खिलाफ चलेगा अभियान व सड़कों पर से अतिक्रमण भी हटेंगे : सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलेगा। खास कर ऐसी बसें जो जर्जर हालत में रहती हैं और वो बसें जो नियमों का उल्लंघन करते हुए यूपी से होकर गुजरती हैं। यातायात को बेहतर बनाने के लिए सड़कों से अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा, पार्किंग की व्यवस्था बेहतर की जाएगी और हर जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए इंटरसेप्टर उपलब्ध कराई जाएगी। इसके निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए हैं। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रस्तुतिकरण के बाद अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष सैकड़ों लोगों की जान सड़क दुर्घटना में चली जाती है। इसमें सबसे मामले दोपहिया चालकों से संबंधित होते हैं। उसमें भी सबसे अधिक ओवर स्पीड के चक्कर में हादसे होते हैं। इसके अलावा गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात करने, नशे में गाड़ी चलाने से भी बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं। इसे रोकने के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ अगले 6 दिन में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक ठोस कार्य योजना तैयार की जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री खुद वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश भर के अफसरों के साथ–साथ नगर निकाय के अधिकारियों से भी सड़क सुरक्षा के संबंध में बात करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 के बाद से सड़क हादसे में कमी आई है। लेकिन इसमें और सुधार की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा के संबंध में लोगों को जागरुक करने के लिए दो चरणों में अभियान चलाया जाए। पहले लोगों को जागरुक किया जाए और दूसरे चरण में नियमों का पालन कड़ाई से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों में पार्किंग की व्यवस्था को और बेहतर किया जाए। अवैध टैक्सी स्टैंड की समस्या का स्थाई समाध



ाान किया जाए। कोई बदलाव करते समय प्रभावित व्यक्ति के व्यवस्थापन का ध्यान रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि अनफिट या बिना परमिट के स्कूली बसों का संचालन न हो। यातायात के संबंध में बच्चों को भी जागरुक किया जाए और इसके लिए स्कूलों और कालेजों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी तरह से प्रशिक्षित लोग ही सड़क पर गाड़ी चलाएं। सभी जिलों में ड्राइविंग टेस्टिंग एंड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की स्थापना हो और ऑटोमैटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक बनाए जाएं। उन्होंने वाहन चालान से जुड़े लंबित मामलों के निस्तारण के लिए लोक अदालत लगाई जाई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यातायात से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्रों का दौरा करें और लोगों से संवाद करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मेडिकल कालेज में 30 बेड का इमरजेंसी ट्रामा केयर सेंटर बनाया जाए। एम्बुलेंस के रिस्पांस टाइम को और कम किया जाए। लखनऊ में यातायात प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की स्थापना के लिए प्रक्रिया शुरू की जाए। प्रस्तुतिकरण के दौरान परिवहन, गृह, लोक निर्माण, नगर विकास, चिकित्सा शिक्षा, बेसिक माध्यमिक उच्च शिक्षा, एक्सप्रेस वे प्राधिकरण, एनएचएआई के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सड़क सुरक्षा व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में किए जा रहे प्रयासों और उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी दी।

## प्रशांत त्रिवेदी अपर मुख्य सचिव वित्त तथा प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण को राज्य कर विभाग का अतिरिक्त प्रभार

लखनऊ ब्यूरो : अपर मुख्य सचिव आयुष प्रशांत त्रिवेदी को सरकार ने अपर मुख्य सचिव वित्त बनाया। त्रिवेदी के पास आयुष विभाग अतिरिक्त प्रभार के रूप में रहेगा। प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण को राज्य कर विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ये दोनों पद अपर मुख्य सचिव वित्त राधा एस चौहान के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने से रिक्त चल रहे थे। बीते शुक्रवार को भी हुआ था 5 आईएएस और 7 पीसीएस अधिकारियों का तबादला शासन ने बीते शुक्रवार देर शाम 5 आईएएस और 7 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। आईएएस अधिकारियों में गोंडा के मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी और श्रावस्ती के मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री का विशेष सचिव बनाया गया है। आजमगढ़ के ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट गौरव कुमार को गोंडा का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। वहीं, बागपत के ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट अनुभव सिंह को श्रावस्ती को मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनाती दी गई है। प्रतीक्षा में चल रहीं अन्नापूर्णा गर्ग को अपर प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ के पद पर तैनाती दी गई है। स्थानांतरित किए गए अपर निदेशक (प्रशासन) नागरिक उड्डयन निदेशालय विश्व भूषण मिश्र को वाराणसी का अपर आयुक्त बनाया गया है। उनके स्थान पर अमेठी के एडीएम (वि/रा) सुशील प्रताप सिंह को तैनाती दी गई है। सहायक राज्य संपत्ति अधिकारी अजित कुमार सिंह को एडीएम (वि/रा) अमेठी बनाया गया है। सोनभद्र के एडीएम (वि/रा) राकेश सिंह को मुख्य राजस्व अधिकारी प्रतापगढ़ के पद पर तैनाती दी गई है। राकेश के स्थान पर राजस्व परिषद के विशेष कार्याधिकारी सहदेव कुमार मिश्र को भेजा गया है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सचिव आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को विशेष सचिव मुख्यमंत्री बनाया गया है। उनके स्थान पर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अवनीश सक्सेना को भेजा गया है। मुख्यमंत्री के विशेष सचिवों को विभाग आवंटित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष सचिव कुमार हर्ष को ऊर्जा एवं आवास और विशेष सचिव प्रथमेश कुमार को गृह और चीनी एवं गन्ना उद्योग विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीएम की मंजूरी के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने विशेष सचिवों को विभाग आवंटन का शासनादेश बृहस्पतिवार को जारी कर दिया। इस तरह आवंटित हुए विभाग कुमार हर्ष : ऊर्जा, अतिरिक्त ऊर्जा, आबकारी, नियोजन, राज्य योजना आयोग, संस्कृति, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, राज्य संपत्ति, कार्यक्रम क्रियान्वयन, मुख्यमंत्री कार्यालय (लोक शिकायत), सचिवालय प्रशासन, पर्यावरण, नियुक्ति, कार्मिक, आवास एवं शहरी नियोजन, लोक निर्माण, वन और नमामि गंगे की जिम्मेदारी दी गई है। प्रथमेश कुमार : मत्स्य उत्पादन, सार्वजनिक उद्यम, सतर्कता, गृह गोपन, कारागार एवं सुधार, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, चीनी एवं गन्ना उद्योग, धर्मार्थ कार्य, लोक सेवा प्रबंधन, विधायी, निर्वाचन, राष्ट्रीय एकीकरण, विवेकाधीन एवं राहत कोष, परिवहन, भूतत्व एवं खनिकर्म, खाद्य एवं रसद, संस्थागत वित्त, वित्त, बैंकिंग, पोषण प्रकोष्ठ और प्रोटोकॉल विभाग दिया गया है। शशांक त्रिपाठी : उच्च शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा, पर्यटन, कृषि, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, पशुधन, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, दुग्ध विकास, सूचना, नागरिक सुरक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण और युवा कल्याण की जिम्मेदारी दी गई है। ईशांत प्रताप सिंह : चिकित्सा शिक्षा, प्रशासनिक सुधार, खेल, श्रम, पंचायतीराज, सहकारिता, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण, उप्र. पुनर्गठन समन्वय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन, सामान्य प्रशासन, नागरिक उड्डयन, राजनीतिक पेंशन, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग और समन्वय विभाग का प्रभार दिया गया है। आशुतोष मोहन अग्निहोत्री : ग्राम्य विकास, समग्र ग्राम्य विकास, भाषा, दिव्यांगजन कल्याण, महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार, प्रांतीय रक्षक दल, रेशम विकास, संसदीय कार्य, राजस्व, न्याय, जल शक्ति विभाग, होमगार्ड, खादी एवं ग्रामोद्योग, कर निबंधन और केंद्र सरकार से संबंधित समन्वय कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सीएम के संभावित कार्यक्रम स्थल का डीएम व एसपी नार्थ ने किया निरीक्षण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : 14 मई को संभावित प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गीडा में आने की संभावना को देखते



हुए जिला अधिकारी विजय किरन आनंद अपने सहयोगियों एडीएम प्रशासन पुरषोत्तम गुप्ता पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी के साथ कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता व्यवस्था रहेगा कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस व्यवस्था रहेगा आने से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

## जनपद में दी गई रोड कटिंग की अनुमति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, (नगरीय) अंकुर श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि शहर के अन्तर्गत जौनपुर रेलवे स्टेशन से शकरमण्डी तिराहा तक एवं नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प) से मछलीशहर पड़ाव तक मार्ग पर रोड कटिंग की अनुमति प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, जौनपुर द्वारा निम्न शर्तो के अधीन दी गई है। उन्होंने को अवगत कराया है कि सीवर लाइन लेइंग हेतु उक्त मार्गो पर लगभग 1.00–6.00 मी0 गइराई में रोड की कटिंग की जानी है जिसमें मिट्टी 100 प्रतिशत मैकेनिकल कम्पैक्शन के साथ करने के उपरान्त् ही मैटलिंग एवं कुटाई का कार्य किया जायेगा। मार्ग की वर्तमान म्गपेजपदह ब्तनेज के अनुसार ही रोड कटिंग भाग में पुर्नस्थापन का कार्य किया जायेगा। (जी0एस0बी0–250 एम0एम0, डब्लू0एम0एम0–280 एम0एम0, डी0बी0एम0–50 एम0एम0 एवं पूरी चौड़ाई में बी0सी0–25 एम0एम0)। रोड कटिंग करते समय आवश्यक चेतावनी बोर्ड, बैरिकेटिंग व रात्रि में समुचित प्रकाश एवं लाल झन्डी का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जायेगा। यातायात में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नही होनी चाहिये। उक्त शर्तो के किसी प्रकार के उल्लंघन की दशा में अनुमति स्वतः निरस्त समझी जायेगी। क्षतिग्रस्त भाग द्वारा किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो आप स्वतः जिम्मेदार होंगे। रोड कटिंग के पूर्व विद्युत विभाग, नगर पालिका एवं दूर संचार विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जाय। रोड कटिंग भाग का रेस्टोरेशन कार्य हर हाल में बरसात आने से पूर्व अथवा लाइन लेइंग के पूर्ण होने के 45 दिन तक अवश्य पूर्ण कर लिया जाय। कार्यस्थल पर कार्य का पूर्ण विवरण व कार्यदायी संस्था का नाम का उल्लेख करते हुये बोर्ड अवश्य लगाया जाय।

## मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित वर्ष 2022 की परीक्षा 14 से 23 मई के मध्य दो पालियों में होगी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि उ०प्र० मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित सेकेण्डरी सीनियर सेकण्डरी, कामिल एवं फाजिल परीक्षा वर्ष 2022 की परीक्षा 14 मई 2022 से 23 मई 2022 के मध्य दो पालियों में (प्रथम पाली प्रातः 08.00 बजे से पूर्वान्ह 11.00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक) सम्पन्न कराये जाने का निर्णय रजिस्ट्रार / निरीक्षक उ०प्र० मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ के द्वारा लिया गया है, जिसके अनुपाल में 12 मई 2022 को अपर जिलाधिकारी (भू०– राजस्व) की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थिति सभागार में सचल दल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केन्द्र व्यस्थापकों के बैठक की गयी बैठक में परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने के आवश्यक निर्देश दिये गये परीक्षा केन्द्रों पर वायस मोड पर सी०सी० कैमरे से निगरानी के लिए कम्प्यूटर व अन्य आवश्यक उपकरणों तथा प्रश्नपत्र के लिए डबल लाक की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया तथा परीक्षा के पश्चात तत्काल परीक्षार्थियों की उपस्थिति आनलाइन फीड की जाय। परीक्षा केन्द्रों के अन्दर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक उपकरण प्रतिबंधित करते हुए सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाय। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी भू०–राजस्व रजनीश राय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य एवं विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## ज्ञानवापी का सर्वे: मसजिद कमेटी से चाबी मांगेगा प्रशासन : सीआरपीएफ खाली कराएगी मस्जिद परिसर


वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी मामले में अदालत के आदेश के बाद जिला प्रशासन कमीशन की कार्यवाही शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने की तैयारी में जुट गया है। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी को नोटिस जारी करके निर्देश दिया है कि यदि उनके पास परिसर में बंद तालों की चाबी है तो कमीशन की कार्यवाही के दौरान उसे मुहैया कराया जाए। इसके साथ ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) को कार्यवाही के दौरान ज्ञानवापी व मस्जिद परिसर को खाली कराने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता आयुक्त से भी कमीशन की कार्यवाही के दौरान मौजूद रहने वाले व्यक्तियों की सूची मांगी है। कोर्ट के आदेश का अनुपालन हमारी शीर्ष प्राथमिकता जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि अधिवक्ता आयुक्त हटाने की मांग के समय से ही शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से प्रशासन ने स्पष्ट आदेश का अनुरोध किया था। इसमें हमने मौके की स्थिति, चाबी नहीं मिलने की स्थिति व अंदर लोगों की मौजूदगी पर आदेश मांगा था। न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दे दिया है, मगर सीआरपीएफ को पार्टी नहीं बनाया है। ऐसे में सीआरपीएफ को पत्र भेजकर कमीशन की कार्यवाही की जानकारी व सुरक्षा पुख्ता करने के लिए कहा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश का अनुपालन हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। दो दिन की बहस के बाद आया फैसला ज्ञानवापी परिसर स्थित शृंगार गौरी व अन्य विग्रह की स्थिति जानने के लिए तहखाने तक सर्वे की मांग को लेकर वादी के आवेदन पर प्रतिवादी पक्ष ने आपत्ति करते हुए अधिवक्ता आयुक्त पर पक्षपातपूर्ण कार्यवाही का आरोप लगाया था। इस मामले में दो दिन तक चली लंबी बहस के बाद न्यायालय ने फैसला सुनाया। शुक्रवार को अधिवक्ता आयुक्त की ओर से



दोनों पक्षों को नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद शनिवार की सुबह आठ बजे से कमीशन की कार्यवाही शुरू होगी। बताया जा रहा है कि आज केवल कागजी कार्यवाही होगी, सर्वे का काम कल से शुरू हो सकता है। एक और मस्जिद नहीं खोना चाहता : ओवैसी एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने अदालत के आदेश के बाद बयान दिया कि यह खुला उल्लंघन है। मसाजिद कमेटी और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने एक बाबरी मस्जिद खो दी है और दूसरी मस्जिद नहीं खोना चाहता। उन्होंने कहा कि योगी सरकार को उन लोगों के खिलाफ तुरंत केस दर्ज करना चाहिए जो ध ार्मिक स्थलों की प्रकृति को बदलने की कोशिश करते हैं। अगर अदालत उन्हें दोषी पाती है तो उन्हें तीन साल की जेल हो सकती है। नफरत व अलगाव धर्म का मार्ग नहीं: यतींद्रानंद गिरी न्यायालय के आदेश का जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने स्वागत किया है। इसके साथ ही मदरसों में राष्ट्रगान अनिवार्य करने के सरकार के निर्णय की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि धर्म इंसानियत मानवता का मार्ग बताता है। नफरत अलगाव की बात करने वाला धर्म का मार्ग नहीं हो सकता। इस निर्णय का सभी को स्वागत करना चाहिए और सहयोग भी करना चाहिए। हम जब सत्य की राह पर चलेंगे तभी अमन शांति सद्भाव कायम हो सकता है। हिंदू और मुसलमान दोनों समुदायों को इसी देश के अंदर रहना है। ऐसे में सद्भाव और भाईचारा ही धर्म की राह दिखाता है।

## तकनीकी शिक्षा में सहायक होगे टैबलेट और स्मार्ट फोन– प्रभा सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हाथरस आई टी आई कालेजों में पढ़ाई कर रहे छात्र–छात्राओं को स्मार्ट फोन व टैबलेट वितरण के लिए शुक्रवार को पूरे जिले के आई टी आई कालेजों के कार्यक्रमों का आयोजन ज्ञान दीप आई टी आई कालेज रुहेरी में किया गया। मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत प्रभा सिंह पहुंची तो उन्होंने छात्र–छात्राओं को फोन व टैबलेट वितरित किए। और कहा कि स्मार्टफोन व टैबलेट विद्यार्थियों की पढ़ाई में सहायक होंगे। स्मार्ट फोन व टैबलेट का वितरण किया। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन मिलने से बच्चों को कैरियर और सरकार की ओर से उनके लिए चलाई जा रहीं योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी। इस अवसर भाजपा नेता रामवीर सिंह भैया जी उन्होंने कहा कि टैबलेट छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने



में मदद करेंगे और उनके लिए नौकरी के अवसर पैदा करेंगे । मुख्य अतिथि का प्रबंधक गौतम गोयल ने स्वागत किया इस मौके पर ए डी एम बसंत अग्रवाल चेयरमैन अमरौधा महेश कुमार गौतम आदि लोग मौजूद रहे है।

## मियांपुर वार्ड में राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्राभार गिरीश चन्द्र यादव ने किया सफाई का निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने मियांपुर वार्ड में साफ–सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।



राज्यमंत्री ने स्वच्छता कर्मियों को नालियों की नियमित सफाई का निर्देश दिया । इस अवसर पर नगर अध्यक्ष दक्षिणी अमित श्रीवास्तव ,शक्ति केंद्र संयोजक गौरव जायसवाल , सुनीत प्रकाश श्रीवास्तव , पूर्व सभासद माध ुरी गुप्ता , मिलन श्रीवास्तव ,नगर उपाध्यक्ष राजेश कन्नौजिया , अभिषेक श्रीवास्तव , डा. कमलेश निषाद ,नगर मंत्री दीपक मिश्रा , सभासद नन्द लाल यादव , संतोष मौर्या , शिव कुमार मौर्य , अतुल पाण्डेय ,बूथ अध्यक्ष दीपक साहू , प्रमोद सिंह , विनोद गुप्ता , मोंटी शुक्ला एवं अन्य प्रमुख कायकर्ता गण मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी राज्यमन्त्री स्वतंत्र प्राभार के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव 'सभासद ' ने दी।

## लाइनमैन की करंट लगने से मौत, गांव में मचा हड़कंप

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : टूटा पड़ा बिजली का तार जोड़ रहा लाइनमैन करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी वहीं मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होने से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मझिला थाने के रसूलपुर निवासी 35 साल राजीव बेटा प्रहलाद प्राइवेट लाइनमैन था। शुक्रवार को वह गांव में ही बिजली के टूटे पड़े तारों को जोड़ने के लिए पोल पर चढ़ा हुआ था। इसी बीच वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। इस हादसे के चलते लाइनमैन राजीव की दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। राजीव के परिवार में उसकी पत्नी और दो बच्चे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर उसका पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

विश्वास वह पंक्षी है जो प्रभात के पहले ही प्रकाश देखना शुरु कर देता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अमेरिकी डॉलर के आगे कमजोर होता पाकिस्तानी रुपया

रोजमर्रा की समस्याओं से जूझती एक कमजोर सरकार तथा राजनीति में हस्तक्षेप न करने का दावा करने वाली सेना के लिए वह दिन दूर नहीं, जब देश गहरे ध्रुवीकरण में फंस जाएगा और अराजकता जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी। यदि लोकतांत्रिक प्रक्रिया ध्वस्त हो जाती है, तो अतीत की तरह संविधानेतर ताकतों के सत्ता में आने की प्रबल आशंका है। शहबाज शरीफ सरकार तभी बच सकती है, जब आर्थिक स्थिति बदले।

दुनिया के बाकी हिस्सों और खासकर अपने करीबी पड़ोसियों की तरह पाकिस्तान भी श्रीलंका में हो रही दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को करीब से देख रहा है, जहां कुछ ही महीनों के भीतर देश जलने लगा है और शासक अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे हैं। आगे क्या होता है और कैसे राजनीतिक व्यवस्था बहाल होती है, इस बारे में अभी कुछ भी कहना मुश्किल है। पाकिस्तान ने अभी तक श्रीलंका की स्थिति पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञ इस बारे में चेतावनी दे रहे हैं कि क्या पाकिस्तान के भी श्रीलंका के नक्शेकदम पर चलने की कोई आशंका है।

यह कॉलम लिखते वक्त पाकिस्तानी रुपया इतिहास में पहली बार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सौ रुपये से ज्यादा के स्तर पर पहुंच चुका है। यह पहले इतनी तेजी से कभी कमजोर नहीं हुआ था। राष्ट्र की आर्थिक सेहत का पैमाना शेयर बाजार हजारों अंक नीचे गिरकर धराशायी हो गया है। सरकार ने चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है और गेहूं के आयात का त्वरित आदेश दिया है, ताकि गेहूं की कमी से निपटा जा सके। हैरान करने वाली बात यह है कि वह पाकिस्तान गेहूं का आयात कर रहा है, जो दशकों से गेहूं का निर्यातक देश रहा है।

शहबाज शरीफ की सरकार बेहद असहाय दिख रही है और खुद प्रधानमंत्री आर्थिक मदद की उम्मीद में सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर निकल गए हैं, पर तुरंत यह मदद मिलती नहीं दिख रही। दरअसल तमाम वित्तीय मदद मौजूदा आईएमएफ सौदे से जुड़ी हुई प्रतीत होती है और पाक सरकार इस संदर्भ में बातचीत कर रही है। आईएमएफ के साथ समझौता होने पर ही मित्र राष्ट्र आर्थिक मदद देने के लिए आगे बढ़ेंगे। पाकिस्तान चाहता है कि आईएमएफ छह अरब डॉलर का वह कर्ज उसे दे, जिसे उसने रोक रखा है।

दरअसल आईएमएफ के कर्ज के साथ कुछ सख्त शर्तें जुड़ी हैं, जिनमें ईंधन पर सब्सिडी हटाना और पेट्रोलियम वस्तुओं की कीमत बढ़ाना शामिल है, जो राजनीतिक रूप से बहुत ही कठिन होगा, क्योंकि पाकिस्तान के लोग पहले से ही मुद्रास्फीति की उच्च दर से परेशान हैं। इमरान खान की पिछली सरकार ने पेट्रो उत्पादों पर सब्सिडी देने का जो फैसला किया था, मौजूदा सरकार को उसकी लागत एक अरब डॉलर पड़ेगी। अगर सरकार तत्काल कुछ कठोर कदम नहीं उठा पाई, तो वह देश को दिवालियेपन से नहीं बचा पाएगी।

एक विश्लेषक का कहना है कि इससे सऊदी अरब और चीन के साथ वित्तीय सहायता की हमारी बातचीत भी प्रभावित होगी। यह अच्छी स्थिति नहीं है और गहराते राजनीतिक ध्रुवीकरण ने सरकार के काम को और कठिन बना दिया है। लेकिन कार्रवाई में देरी देश के लिए ज्यादा महंगी साबित होगी। आर्थिक स्थिति के अलावा देश की राजनीतिक स्थिति भी लोकतंत्र और संविधानिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंचा रही है। चूंकि इमरान खान और नेशनल असेंबली के उनके सौ से अधिक सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया, इसलिए इन दिनों निचले सदन की बैठक हास्यास्पद हो गई है।

विपक्ष और विपक्ष के नेता संसद का आवश्यक अंग हैं। लेकिन आज संसद के निचले सदन में जब सत्र चल रहा होता है, तो मुट्ठी भर विपक्षी सदस्य होते हैं, जो कभी इमरान खान सरकार के सहयोगी थे। सदन में विपक्ष का कोई नेता नहीं है। संसद के बाहर पाकिस्तान तहरीक–ए इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान की लोकप्रियता बढ़ रही है। वह पूरे देश में जलसा कर रहे हैं, जिसमें भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो रहे हैं। वह न केवल सत्तारूढ़ सरकार की आलोचना कर रहे हैं, बल्कि हर रोज सेना और न्यायपालिका को निशाना बना रहे हैं, जिन पर वह अपनी सरकार गिराने का इल्जाम लगा रहे हैं।

हाल ही में उन्होंने एबटाबाद में सेना की कड़ी आलोचना की, जिसने सबको चौंका दिया। रावलपिंडी स्थित सैन्य मुख्यालय ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन विंग ने भी एक कड़ा बयान जारी किया। उसमें राजनेताओं, पत्रकारों और सोशल मीडिया सहित अन्य लोगों को सेना को राजनीति से दूर रखने की चेतावनी दी गई है, क्योंकि वह तटस्थ रहना चाहती है और उसका राजनीति से कोई लेना–देना नहीं है। इमरान अब नई सरकार पर दबाव बना रहे हैं कि वह नए सिरे से चुनाव कराने के लिए इस्लामाबाद में अपने लाखों समर्थकों को इकट्ठा करेंगे।

उन्होंने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा है कि मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त के रहते स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं कराए जा सकते। शीर्ष अदालत दैनिक सुनवाई के दौरान सवाल पूछ रही है कि पीटीआई उसकी आलोचना क्यों कर रही है, और अगर उसे न्यायपालिका पर भरोसा नहीं है, तो उसके मामलों को पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए क्यों लाया जा रहा है? दरअसल अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने से पहले ही इमरान ने चेतावनी दी थी कि विपक्ष में होने पर वह देश के लिए ज्यादा खतरनाक होंगे और उन्होंने इसे सही साबित किया है।

रोजमर्रा की समस्याओं से जूझती एक कमजोर सरकार तथा राजनीति में हस्तक्षेप न करने का दावा करने वाली सेना के लिए वह दिन दूर नहीं, जब देश गहरे ध्रुवीकरण में फंस जाएगा और अराजकता जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी। यदि लोकतांत्रिक प्रक्रिया ध्वस्त हो जाती है, तो अतीत की तरह संविधानेतर ताकतों के सत्ता में आने की प्रबल आशंका है। शहबाज शरीफ सरकार तभी बच सकती है, जब आर्थिक स्थिति बदले। अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए अगर वह कुछ कठोर कदम भी उठाएं, तो उनकी सरकार के पास बचने का एक मौका होगा।

अन्यथा यदि मौजूदा संकट जारी रहता है, तो उन्हें पीछे हटकर एक कार्यवाहक सरकार को सत्ता सौंपनी होगी, जो चुनाव कराएगी। पाकिस्तान मुस्लिम लीग में तमाम फैसले नवाज शरीफ ले रहे हैं, जो लंदन में निर्वासन में हैं। नवाज शरीफ नए सिरे से चुनाव कराए जाने के पक्षधर हैं। लेकिन इस समय अगर सरकार नए सिरे से चुनाव कराने की घोषणा करती है, तो इसका भारी राजनीतिक फायदा इमरान खान को मिलेगा, जो यह दावा करेंगे कि उन्होंने चुनाव कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाया था।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## जीरो टॉलरेंस की धज्जियां उड़ा रहा है डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय व मेडिकल कालेज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अगर देखा जाये तो इस समय सूत्रों के मुताबिक नान पीसीएस अधिकारियों ने डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में जहां उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस अभियान को धूल में मिला रहे हैं।वहीं पर श्री राम एयरपोर्ट में फ्री में उच्च शिक्षा एवं मेडिकल विभाग के फ्री में जमीन देने के चलते उनके अस्तित्व बचाने का खतरा मंडराने लगा है।वही विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक प्रोफेसर चयन कुमार मिश्रा एवं परीक्षा नियंत्रक एवं कार्यवाहक रजिस्ट्रार उमानाथ के भरोसे अवध विश्वविद्यालय की गाड़ी चल रही है।वही विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार की त्रिवेणी बन चुकी व्यवस्था में चाहे विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसरों के नियुक्ति का प्रकरण हो या विश्वविद्यालय में केंद्राध्यक्षों का बनाया जाना है। विश्वविद्यालय में 448 केंद्राध्यक्ष रूम में 154 के ना देख ऐसे हैं जिनके नाम का अता–पता खुद विश्वविद्यालय तक को नहीं है और ना ही ने तो 54 केंद्राध्यक्ष में 134 के फोन नंबर तक विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध है और ना ही वेबसाइट पर उनके डिटेल ही मिल रहे हैं 65 वर्ष से अधिक के 8 प्राचार्य को उनकी अंतिम सांस तक प्राचार्य बने रहने का अभयदान मिला है। विश्वविद्यालय में चल रही वार्षिक परीक्षा के साथ उसी कैंपस में उसी समय पढ़ाई की कथाएं भी संचालित हैं जिसके चलते नकल विहीन परीक्षा कराने का दावा सिंह विश्वविद्यालय के जिम्मेदारों के कारनामे के चलते ही तार–तार हो रहा है।चाहे परीक्षा केंद्रों का निर्धारण हो या सुरक्षा एजेंसी के ठेका होएवं परीक्षा कराने वाली कॉपी सप्लाई करने वाली एजेंसियों का मामला हो सबमे बड़ा गोलमाल है।सूत्रों की माने तो डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नाम के विपरीत यहां पर हर कार्य में योगी के भ्रष्टाचार के जीरो टॉलरेंस के विरोध में भ्रष्टाचार के हंड्रेड परसेंट मामले प्रकाश में आ रहे हैं। विश्वविद्यालय की जमीनों पर अवैध कब्जों की भरमार है।जिस पर कुलपति की निगाह नहीं पड़ रही है और अरबों रुपए की बेशकीमती विश्वविद्यालय की जमीन निशुल्क श्री राम एयरपोर्ट देने के चलते विश्वविद्यालय के शिक्षकों की पूरी कॉलोनी के मकान और जमीन अधिकृत कर लिया गया है। इस तरह से आगे चलकर हवाई अड्डे के विस्तार पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन कार्यालय कक्षाओ भवन की बिल्डिंग उससे सटी मेडिकल कॉलेज की बेशकीमती जमीन आने के चलते डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय राजा दशरथ मेडिकल कॉलेज के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगाहै। जिसकी चिंता ना तो यहां के अधिकारियों को है और ना ही विश्वविद्यालय के जिम्मेदारों जनप्रतिनिधियों को इस तरह से दोनों जिले की महत्वपूर्ण संस्थाओं को श्री राम एयरपोर्ट में समा जाने का खतरा मंडराने लगा है।

## किसानों को कम लागत में आय दोगुनी करने का दिया मंत्र

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) पर्यावरण प्रदूषण को शुद्ध करने के साथ साथ किसानों के कम लागत में आय को दोगुना करने का कार्य नैनो यूरिया द्वारा किया जा सकता है।यह बातें गुरुवार को ब्लॉक सभाकक्ष में पर्यावरण संरक्षण एवं कृषि भूमि की उर्वरता शकित को कायम रखने के लिए इफ्को नैनो तरल यूरिया के उपयोग पर एक खण्ड स्तरीय किसान जागरूकता गोष्ठी में इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने कही। श्री सिंह ने कहा कि रासायनिक खाद के तौर पर सबसे अधिक दानेदार यूरिया का प्रयोग फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए किया जाता है, लेकिन खेत में दानेदार यूरिया का 30 प्रतिशत उपभोग होता है। शेष बची यूरिया नाइट्रोजन गैस या नाइट्रेट के रूप में जमीन में लीच (निक्षालन) करके, उड़कर व पानी के साथ बह जाता है, जो कि मिट्टी, वायु व जल को प्रदूषित करता है। वहीं नैनो यूरिया फसल में 80 प्रतिशत तक पौधों द्वारा उपयोग कर लिया जाता है, जिससे पर्यावरण शुद्घ रहता है। इसलिए फसलों में दानेदार यूरिया के प्रयोग को कम करके नैनो यूरिया का प्रयोग ज्यादा लाभकारी है। कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा के वैज्ञानिक डॉ डॉ पी के सिंह ने बताया कि नैनो यूरिया का प्रयोग किसानों के लिए कम लागत में अधिक लाभदायक सिद्घ होगा। फसलों में नाइट्रोजन उपभोग की क्षमता बढ़ने से उपज व गुणवत्ता में सुधार होने के साथ ही किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। नैनो यूरिया जनपद की समस्त गन्ना समितियों पर उपलब्ध कराई गई है।1 एकड़ क्षेत्रफल के लिए लगभग 125 लीटर पानी की आवश्यकता होती है।500 मिलीलीटर की लागत 240 है।वही परिवहन लागत कमी होगी।इससे परिवहन लागत में दानेदार यूरिया के सापेक्ष नैनो यूरिया बचत होगी।सभी समितियों पर छिड़काव की मशीन भी उपलब्ध कराई जा रही है इसे आप लोग किसान भाई इफको ई बाजार डॉट कॉम से मंगा सकते हैं।इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख फयाराम वर्मा ने कहा कि सरकार किसानों को आय दोगुनी करने के लिए प्रति संकल्पित है नैनो यूरिया इस दिशा में किसानों के लिए वरदान साबित होगी किसान कम लागत में ज्यादा से ज्यादा नाइट्रोजन का उपयोग कर सकेंगे। खंड विकास अधिकारी अमित कुमार जायसवाल ने कहा नैनो यूरिया सीधे पत्तियों में छिड़काव किया जाता है जो छिद्र के द्वारा सीधे पौधों में ही पहुंच जाता है इससे पर्यावरण भू जल भूगर्भ जल भी नहीं खराब होगा इसे सरकार द्वारा फर्टिलाइजर की तरह प्रयोग किया जा रहा है। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता अमित कुमार सिंह ने कहा कि सभी सचिव ज्यादा से ज्यादा किसानों को इस दिशा में जागरूक कर किसानों की आय में वृद्धि वाह पर्यावरण प्रदूषण को भी बचाने का कार्य करें। कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख विधायक प्रतिनिधि विजय प्रताप सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत उमाशंकर सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत उमा शंकर सिंह,कृषि विनोद वर्मा,समाजकल्याण मनीष वर्मा, के अलावा विश्वनाथ तिवारी, तेज बहादुर, राम जीत, दिनेश यादव,दिनेश वर्मा, शेर बहादुर, बी टी एम विजय वर्मा, आशीष सोनी, महेश शुक्ला, सीमान्त, राजू,अवधेश वर्मा,विष्णु देव वर्मा,राज बहादुर वर्मा,सहित अनेक किसान व इफ्को तथा साधन सहकारी समितियों के कर्मचारी मौजूद थे।

## कसाबबाड़ा व खिड़की अलीबेग में जलभराव की समस्या से निपटने का दिया निर्देश

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) गुरुवार को महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने चंद्रशेखर आजाद वार्ड में जनसुविधाओं को परखा। यहां जगह–जगह गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त कर अधिकारियों को फटकार लगायी।नाले की पटिया हटवाकर सफाई के कार्य को देखा। उन्हें सफाई व्यवस्थाओं में कई खामियां मिली। महापौर ने वार्ड की अधिकांश गली में गये। लोगों की शिकायतें सुनीं। इस मौके पर लापरवाह अफसरों पर जिम्मेदारी तय करने को कहा। बताया कि गलियों में स्वच्छता को लेकर कर्मचारी लापरवाही बरत रहे है। इनकी जिम्मेदारी तय होगी और कार्यवाही से गुरेज नहीं किया जाएगा। इस दौरान बड़े नाले का जायजा भी लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बारिश के पहले हरहाल में नाले को साफ सुथरा बना दिया जाय। कहा कि ऐसा करने से जलभराव की समस्या से राहत मिल सकेगी। अधिकारियों से कहा कि क्षेत्रवासियों को शुद्ध व स्वस्थ वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने इसमें जनसहयोग का आह्वान किया। वह जीआईसी क्षेत्र व ऋषि टोला गये। वहां के वाटर सप्लाई का जांचा, जो प्रदूषित मिला। इस पर उन्होंने नाराजगी जतायी। त्वरित समाधान का निर्देश दिया। कसाबबाड़ा व खिड़की अलीबेग में जलभराव की समस्या की शिकायत मिली। महापौर ने हैंडपंप की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। ऋषिटोला में नाली की टूटी पटिया मिली, जिसे बदलने का निर्देश दिया। यहां नाले के अतिक्रमण को हटाने तथा इस ऐसा करने वालों को नोटिस देने का निर्देश दिया। फतेहगंज क्षेत्र के नाले की साफ सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।जल्द ही यहां से अतिक्रमण हटाने को कहा। वार्ड का भ्रमण करने वालों में क्षेत्रीय पार्षद मो. फरीद, अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह, शशिभूषण राय, सहायक नगर आयुक्त हरीशचंद्र सिंह, गिरीश चंद तिवारी, आरके तिवारी व पार्षद अनिल सिंह मौजूद रहे।

## लता मंगेशकर चौराहा के नाम से जाना जायेगा टेढ़ी बाजार निषाद राज व उदया चौराहा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) नगर निगम बोर्ड की हुई बैठक में कई प्रस्ताव पारित हुई,जिसमे टेढ़ी बाजार चौराहे का नाम बदलकर निषादराज चौराहा नाम पर रखा जाना तय हुआ, इसके साथ ही नगरी के उदया चौराहे का नाम बदलकर लता मंगेश्कर के नाम पर रखे जाने का फैसला लिया गया।वही इसी कड़ी में पिछले कई वर्षों से सविता समाज की यह मांग थी की नगर के किसी पार्क का नाम कर्पूरी ठाकुर के नाम पर रखा जाए, जिसपर नगर के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने साकेत पुरी में एक पार्क को कर्पूरी ठाकुर के नाम से बनाये जाने की घोषणा किया हैं, महापौर के इस फैसले पर सविता समाज और सलमानी समाज ने महापौर को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसके साथ ही इन दोनों संगठनों ने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का भी शुक्रिया अदा किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सविता समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट रामनाथ शर्मा, राम मूरत शर्मा, डा. जे .पी शर्मा, रमाकांत शर्मा, राजाराम शर्मा, अवध सैलून एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रामनाथ शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष फरीद सलमानी, डा.शकील सलमानी, मोहम्मद तुफैल सलमानी, दऊद सलमानी, दानिश सलमानी, इसरार सलमानी, जुनैद सलमानी, मनीष शर्मा, जमील सलमानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## आरोप के मुताबिक क्षेत्रीय आपूर्ति कार्यालय में ताला बंद होने के चलते भटकने को मजबूर ग्रामीण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के सदर तहसील के क्षेत्रीय आपूर्ति कार्यालय में आरोप के मुताबिक गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे के करीब ताला बंद मिला लेकिन यहां ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों का जमावड़ा लगा रहा हर कोई कार्यालय में बैठने वाले अधिकारी की तलाश कर रहा था किसी को पता नहीं था कि अधिकारी कहां है यहां आए लोगों में कोई नया राशन कार्ड बनवाने आया था तो कोई कार्ड बनवाने के लिए पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र के बारे में जानकारी लेना चाहता था यहां मौजूद रजत राम ने बताया कि अधिकांश समय यह कक्ष बंद रहता है ना तो अधिकारी मिलते हैं और ना ही अन्य कर्मी वही जनौरा निवासी उदय भान ने बताया कि उन्होंने अप्रैल में राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था पर इसमें क्या हुआ कुछ पता नहीं यहां मिली मालती देवी ने बताया कि राशन कार्ड है पर कोटेदार राशन नहीं दे रहा है इसकी शिकायत करने आई थी लेकिन अधिकारी के ना मिलने से मायूस हैं जनवरी के अजय शुक्ला भी कार्ड बनवाने आए थे लेकिन कोई कार्य नहीं हुआ बैरंग वापस लौट गए अधिकारी ना मिलने से लोगों में आक्रोश है कहा कि यही हाल रहा तो जिला पूर्ति कार्यालय का घेराव करेंगे जिला पूर्ति अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुमित प्रभार देख रहे हैं उन्होंने बताया कि तहसील में बैठने वाले अधिकारी के पास कोई जिम्मेदारी है कुछ कार्य के सिलसिले में ऑफिस से बाहर निकले थे सूचना पटल से मिटा दिया गया मोबाइल नंबर इस पर कार्यालय के बाहर दीवाल पर सूचना चश्पा है इसी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी का नाम व मोबाइल नंबर अंकित था पर मोबाइल नंबर मिटा दिया गया है इस पर शिकायत कर्ताओं ने नाराजगी भी व्यक्त की।

## सूत्र के मुताबिक महिला अस्पताल में साढे तीनवर्ष से नहीं हो रहा अल्ट्रासाउंड की जांच

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला महिला अस्पताल में करीब साढ़े तीन वर्ष से अल्ट्रासाउंड जांच प्रभावित हैं।सूत्र के मुताबिक यह जांच महिला अस्पताल में तैनात रहे रेडियोलॉजिस्ट डॉ अरुण कुमार के करीब साडे 3 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त होने के बाद से बंद है।इसकी वजह से अस्पताल आने वाले गर्भवती महिलाओं महिला मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जब इस गंभीर समस्या के बारे में मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद ने विधानसभा में प्रथम सत्र के दौरान प्रश्न कर शासन से जानकारी मांगी थी उसी के बाद शासन ने मामले को संज्ञान में लेकर उच्च अधिकारियों और अस्पताल प्रशासन को पत्र भेजा अनुसूचित सचिव चंदन कुमार रावत की तरफ से महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं की पत्र भेजकर कहा गया है कि विधायक अवधेश प्रसाद ने सदन को अवगत कराया है कि अयोध्या जिले के महिला अस्पताल में दो अल्ट्रासाउंड मशीनों के संचालन के लिए कोई रेडियोलॉजिस्ट नहीं है जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन 5 वर्ष से खराब पड़ी है इतना ही नहीं जिले के किसी भी अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती भी नहीं है उनके इस सवाल के बाद अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल के प्रमुख जिला चिकित्सा अधीक्षक जिला और महिला से वर्किंग मशीनों की संख्या और रेडियोलॉजिस्ट के बारे में अवगत कराने को कहा गया है वहीं महिला अस्पताल में मौके पर तीन अल्ट्रासाउंड मशीनें उपलब्ध है रेडियोलॉजिस्ट के लिए पूर्व में अस्पताल की तरफ से शासन महानिदेशक और अस्पताल की निरीक्षणमें आए विशेष सचिव को अवगत कराया जा चुका है 2 दिन पूर्व शासन की तरफ से मिले पत्र में पूछे गए बिंदुओं की जानकारी तैयार कर भेजी जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से पूर्व प्रधान की मौत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भतीजी की शादी में शामिल हो कर लखनऊ से वापस लौट रहे पूर्व प्रधान के हरदोई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से नीचे गिर कर दोनों पैर कट गए। जिससे मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देखने वालों का कलेजा कांप उठा। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर उसका पोस्टमार्टम कराया है। हरियावां थाने के मोहनपुरवा मजरा रारा निवासी पूर्व प्रधान 45 साल अजयपाल बेटा रामदास अपने समूचे परिवार के साथ भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए लखनऊ गया हुआ था। शुक्रवार को सभी लोग ट्रेन से वापस अपने घर लौट रहे थे। बताते है कि ट्रेन जैसे ही यहां हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर–एक पर रेंगती हुई पहुंची। इसी बीच पूर्व प्रधान अजयपाल ने नीचे उतरने की कोशिश की,तभी अचानक लड़खड़ा जाने से गिर कर प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंसने से उसके दोनों पैर कट गए। जिससे पूर्व प्रधान की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही रेलवे स्टेशन पर हड़कंप मच गया। जीआरपी और आरपीएफ के जवान दौड़ पड़े। पूर्व प्रधान के घर वाले जो उसी के साथ वापस लौट रहे थे,रोते–चिल्लाते हुए ट्रेन से कूद पड़े। हालांकि इससे पहले ट्रेन की रफ्तार काफी हद तक थम चुकी थी। देखते–ही–देखते वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। हादसा इतना खौफनाक था कि देखने वालों का कलेजा कांप उठा। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर उसका पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पूर्व प्रधान के दो बच्चे हैं।वह अपने भाईयों में बड़ा था। हादसे से इलाके में अफरा–तफरी मच गई।

## पं0 सुरेन्द्र शुक्ल भारतीय ब्राहमण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत : दिलीप व्यास को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय ब्राहमण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड0 अनुराग पाण्डेय ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर पं0 सुरेन्द्र शुक्ल को मनोनीत किया है। तथा उनसे समस्त वर्गों को जोड़ने की अपेक्षा की है। भारतीय ब्राहमण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति विभिन्न कारणों से बहुत दिनों से टल रही थी, जबकि पं0 सुरेन्द्र शुक्ल अनौपचारिक रूप से इस कार्यभार को देख रहे थे, परन्तु आज विधिवत प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी गई तथा यह अपेक्षा की गई कि प्रदेश अध्यक्ष ब्राहमण हितों को संरक्षण देते हुए, सम्पूर्ण समाज को जोड़ने का कार्य करें। इस अवसर पर 'वर्तमान में ब्राहमण संगठनों की प्रासंगिकता' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने कहा कि देश–प्रदेश में ब्राहमण संगठनों की बाढ़ सी आ गई है, तथा ब्राहमण नेता काम करने की जगह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। इस तरह से ब्राहमणों की एकता तथा हितों की सुरक्षा तथा संरक्षा नहीं हो सकती। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि, भारतीय ब्राहमण महासभा, सस्ती लोकप्रियता की जगह 'कार्य संस्कृति' को बढ़ावा देगी। हम ब्राहमणों को मजबूत करते हुए सर्वसमाज को जोड़ने, तथा



उनके हितों के लिए काम करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पं0 सुरेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विडम्बना यह है कि ब्राहमण नेता केवल ब्राहमणों की ही बात करते हैं – जबकि किसी एक वर्ग से जुड़कर सम्पूर्ण समाज का हित नहीं हो सकता और सम्पूर्ण समाज के हित के बगैर ब्राहमणों का हित नहीं हो सकता। ब्राहमण नेता केवल ब्राहमणों की बात करके उनको शेष समाज से अलग–अलग कर रहे हैं, जो उचित नहीं है। ब्राहमण जब सम्पूर्ण समाज के लिए काम करेंगे तभी उनकी प्रासंगिकता बढ़ेगी– और समाज में उनकी ग्राहयता भी। उन्होंने यह भी कहा कि हम लोग समाज के विभिन्न वर्गों में छोटी–बड़ी बैठकें करके, उनकी समस्याओं के लिए संषर्घ करेंगे। इस अवसर पर भारतीय ब्राहमण महासभा के पदाधिकारियों ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर दिलीप पाठक को राष्ट्रीय सचिव/प्रवक्ता तथा दिलीप व्यास को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। सभी ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को बधाई तथा शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर तेज नारायण पाण्डेय (पू0 प्रवक्ता कालीचरण इण्टर कालेज) सुनीता पाण्डेय (प्रदेश अध्यक्ष) महिला मोर्चा भारतीय ब्राहमण महासभा शेष कुमार मिश्रा (प्रदेश उपाध्यक्ष) भारतीय ब्राहमण महासभा मिथलेश तिवारी (राष्ट्रीय महासचिव) दीपू शुक्ला (राष्ट्रीय सचिव) (एड0 अनुराग पाण्डेय) राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय ब्राहमण महासभा उपस्थित रहे।

# पूर्व सपा विधायक जय शंकर पांडे ने फीता काटकर किया कैलाश ईएनटी केयर एंड पेन क्लीनिक का शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार को शहर के प्रतिष्ठित नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव श्रीवास्तव के हॉस्पिटल कैलाश ईएनटी केयर एंड पेन क्लीनिक शक्तिनगर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सपा विधायक जय शंकर पाण्डेय ने फीता काटकर किया।इस मौके पर मुख्य अथिति पूर्व सपा विधायक जय शंकर पाण्डेय के अलावा शहर के प्रसिद्ध नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डाक्टर गौरव श्रीवास्तव के अलावा उनकी धर्मपत्नी डाक्टर रिद्विमा श्रीवास्तव मौजूद रही।इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सपा विधायक जय शंकर पाण्डेय ने कहा कि यह अस्पताल शहर के बीचों बीच स्थित है।जिसके चलते इस अस्पताल का लाभ शहर के मरीजों के साथ साथ अन्य जिलों के दूरदराज से आने वाले नाक कान गला रोग से संबंधित मरीजों व उनके तीमारदारों को मिलेगा।इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव श्रीवास्तव व उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर रिद्विमा श्रीवास्तव का महत्व शहर में बहुत ही अधिक है।उन्होंने कहा कि शहर के साथ–साथ इनकी पहचान अयोध्या जनपद के अलावा आस पास के भी जिलों में है।जिसका जीता जागता उदाहरण इसी बात से लगाया जा सकता है कि इनके पास नाक कान गला रोग से संबंधित मरीज व उनके तीमारदार अन्य जनपदों से आकर अपना इलाज कराते हैं और ठीक होकर जाते हैं।इस मौके पर मुख्य अतिथि सपा के पूर्व विधायक जय शंकर पांडे ने कहा कि इसका मुख्य कारण नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव श्रीवास्तव उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर रिद्विमा श्रीवास्तव का मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ शालीनता से पेश आना तथा साथ ही साथ किसी भी रोग का इलाज करते समय उनकी समस्याओं को जानना और फिर इलाज करना होता है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि जो भी मरीज उनके पास आता है वह ठीक होकर जाता है।मालूम हो कि शहर के प्रतिष्ठित नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव श्रीवास्तव शहर के कचहरी में स्टेनो पद से रिटायर्ड व समाजसेवी




कैलाश लाल श्रीवास्तव के छोटे पुत्र है इनके बड़े भाई इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया भिलाई प्लांट में कार्यरत हैं।इस मौके पर डॉ गौरव श्रीवास्तव व उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर रिद्विमा श्रीवास्तव ने इस मौके पर संयुक्त रूप से बताया कि ईश्वर के बाद इस धरती पर लोग डॉक्टर को दूसरा भगवान समझते हैं।हमारे यहां जो भी मरीज आते हैं हम उनको ठीक करके ही भेजने का प्रयास करेंगे।जिससे उनका विश्वास हमारे ऊपर बना रहे।इस मौके पर जिले के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिओम श्रीवास्तव के अलावा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय, डॉ अरुण श्रीवास्तव डॉ दीप्ति वर्मा डॉ अरविंद खरे,डाक्टर प्रभात,डाक्टर अजय तिवारी,डाक्टर उर्फी,डाक्टर रजनीश वर्मा के अलावा शहर के प्रतिष्ठित सभी चिकित्सक,भाजपा नेता जय शंकर श्रीवास्तव,राम कृष्ण सक्सेना,भाजपा नेता मनोज श्रीवास्तव,डाक्टर विनय श्रीवास्तव,सपा नेता श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,अविनाश चन्द्रा,श्री नव दुर्गा प्लाईवुड एवं हार्डवेयर सेंटर रीडगंज के प्रोपराइटर हिमांशु श्रीवास्तव,डी पी श्रीवास्तव,(जेपी सीमेंट फैजाबाद एएमओ आफिस मार्केटिंग) के एरिया इंचार्ज एम ए खान के साथ साथ रवि रंजन,वीरेन्द्र श्रीवास्तव के अलावा राजनैतिक व गैर राजनीतिक दलो के नेता,व्यवसाय जगत,पुलिस,चिकित्सा सूचना व अन्य विभाग से जुड़े अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# भारतीय जन नाट्य संघ की "ढाई आखर प्रेम का" राष्ट्रीय सांस्कृतिक यात्रा अयोध्या पहुंची

अयोध्या।(डॉक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारतीय जन नाट्य संघ की "ढाई आखर प्रेम का" राष्ट्रीय सांस्कृतिक यात्रा फैजाबाद पहुंची।यात्रियों का स्थानीय इकाई द्वारा स्वागत किया गया।यात्रा में शामिल लोगों ने स्थानीय प्रेस क्लब में जनगीत प्रस्तुत किया।यात्रा के अगुवा इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव राकेश ने यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौजूदा समय मे जिस प्रकार नफरत का वातावरण बनाया जा रहा है उसमें इस तरह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बेहतर समाज बनाने में सहायता मिलेगी। यात्रा मे शामिल कर्नाटक निवासी प्रसिद्ध नाटककार, निर्देशक, लेखक प्रसन्ना रामास्वामी ने कहा कि राजनीतिक कार्यक्रमों की जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की बेहतरी के लिए उपाय ज्यादा लाभकारी सिद्ध हो सकते है।यात्रियों का स्वागत भाषण डा. रघुवंश मणि ने किया। फैजाबाद के स्वतंत्रता संग्राम की चर्चा करते हुए सूर्य कांत पाण्डेय ने 1764 मे हुए बक्सर युद्ध से लेकर मौ.अहमद उल्ला शाह और अशफाकउल्ला खां की शहादतों का विस्तृत वर्णन किया। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार से आई यात्रा का प्रेस क्लब पहुंचने पर भाकपा प्रदेश कौसिंल के सदस्य अशोक कुमार तिवारी, स्वप्निल श्रीवास्तव, मोतीलाल तिवारी, अयोध्या प्रसाद तिवारी, जिला मंत्री रामतीर्थ पाठक, सम्पूर्णानन्द बागी, रामजीराम यादव, आर डी आनंद,ने गुलाब देकर स्वागत किया। समारोह मे लोक कलाकारो ने गीत प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक यात्री बृजेश ने एक समसामयिक लोक गीत प्रस्तुत किया।रामपाल यादव ने राजबली यादव के गीत तथा आफाक अहमद ने अपनी टीम के अनेकों कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इस मौके पर के पी सिंह, रामलौट, पूनम सूद, रामप्रकाश तिवारी, उमाकांत विश्वकर्मा, आशाराम जागरथ, सलाम जाफरी, वृजेश यादव, राजधानी तिवारी, कृण्ण कुमार तिवारी, डा.विशाल श्रीवास्तव, इमरान खान, हवलदार, जीत बहादुर, राम कुमार, रोशन लाल सोनकर, आदि शामिल रहे।

# यूपी में पहली बार हुई ऐसे किसी डीजीपी की विदाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डीजीपी पर अकर्मण्यता का आरोप लगाते हुए सीधे डीजी नागरिक सुरक्षा के पद पर भेजा गया है।इससे पहले कई डीजीपी हटाए गए लेकिन उन्हें अकर्मण्यता के आरोप के चलते सीधे नागरिक सुरक्षा के पद पर नहीं भेजा गया।सूत्र के मुताबिक सपा सरकार में वर्ष 2013 में मुकुल गोयल को एडीजी कानून–व्यवस्था बनाया गया था।चुनाव के दौरान पुलिस के मुखिया की जो नेतृत्व क्षमता दिखनी चाहिए थी, वह न दिखने के कारण शासन नाराज चल रहा था। बता दें कि कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मुकुल गोयल को हटाकर डीजी नागरिक सुरक्षा के पद पर भेज दिया। उन्हें शासकीय कार्यों की अवहेलना करने, विभागीय कार्यों में रुचि न लेने और अकर्मण्यता के चलते हटाया गया है। डीजीपी का कार्यभार नए डीजीपी की तैनाती तक एडीजी कानून–व्यवस्था प्रशांत कुमार को सौंप दिया गया है। डीजी नागरिक सुरक्षा पद पर कार्यरत बिश्वजीत महापात्रा को डीजी कोऑपरेटिव सेल के पद पर भेजा गया है। सपा राज में विवादों में आए थे।मुकुल गोयल वर्ष 2006 में सपा शासनकाल में हुए सिपाही भर्ती घोटाले में भी विवादों में रहे थे।उन पर आरोप थे कि उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री और शासन में बैठे अधिकारियों के इशारे पर भर्तियां की थीं। मायावती ने सरकार बनाने के बाद मामले की जांच सौंपी थी। बसपा शासनकाल में 23 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को निलंबित किया गया था। कार्रवाई होने से पहले ही मुकुल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए थे। सहारनपुर एसएसपी रहते हुए एक नेता की हत्या के बाद हुए बवाल में मुकुल गोयल को निलंबित कर दिया गया था। ललितपुर थाने में रेप की घटना, महिला को निर्वस्त्रत् करके पीटने का मामला सामने आने पर सीएम उनसे नाराज थे। शासन से अच्च्छे नहीं रह गए थे रिश्ध्ते। विभाग में हमेशा ऐसी अकटलें लगाई जाती रहीं कि डीजीपी मुकुल गोयल के शासन के साथ रिश्ते अच्छे नहीं हैं।इन अटकलों को उस समय बल मिला जब पिछले दिनों उन्होंने लखनऊ हजरतगंज कोतवाली का निरीक्षण किया।उन्होंने प्रभारी इंस्पेक्टर के कार्यों पर नाराजगी जताते हुए उन्हें हटाने का निर्देश दिया लेकिन अंततः इंस्पेक्टर को नहीं हटाया गया।इस घटना के कुछ ही दिनों बाद मुख्यमंत्री ने सभी जोन, रेंज और जिलों के पुलिस अधिकारियों को अपने विवेक से काम करने और साफ–सुथरी छवि के पुलिस कर्मियों को ही फील्ड में महत्वपूर्ण तैनाती देने का निर्देश दिया था।तब यह माना गया था कि यह निर्देश डीजीपी को ही 'संदेश' देने के उद्देश्य से दिया गया।इसी तरह कानून–व्यवस्था के मुद्दे पर मुख्यमंत्री की वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान डीजीपी की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी थी। इसमें अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी और एडीजी कानून–व्यवस्था प्रशांत कुमार मौजूद थे, जबकि डीजीपी लखनऊ में मौजूद होने के बावजूद इसमें शामिल नहीं हुए थे।आईपीएस अफसरों के तबादलों में हो रही देरी को भी डीजीपी से शासन की नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा था।विधानसभा चुनाव के बाद से ही पुलिस कमिश्नरेट समेत जोन, रेंज व जिलों में तैनात कई अफसरों का तबादला हो गया। डीजीपी मुकुल गोयल को हटाए जाने के बाद नई तैनाती को लेकर अटकलों का बाजार गरम हो गया है। डॉ. डीएस चौहान को डीजीपी पद की रेस में सबसे आगे माना जा रहा है। डॉ. डीएस चौहान के पास उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के निदेशक का भी कार्यभार है। डीजीपी पद से हटाए गए मुकुल गोयल 1987 बैच के आईपीएस हैं।डीजी प्रशिक्षण डॉ. आरपी सिंह, डीजी नागरिक सुरक्षा बिश्वजीत महापात्रा, डीजी सीबीसीआईडी गोपाल लाल मीना भी वर्ष 1987 बैच के हैं।इसके बाद वर्ष 1988 बैच में पांच आईपीएस हैं, जिसमें वरिष्ठता क्रमांक में डॉ. राज कुमार विश्वकर्मा सबसे ऊपर हैं।वह उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष हैं। इसके बाद वरिष्ठता क्रमांक में डीजी इंटेलीजेंस डॉ. देवेन्द्र सिंह चौहान हैं।इसी बैच के तीन अन्य अफसरों में से अनिल कुमार अग्रवाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, जबकि आनंद कुमार डीजी जेल और विजय कुमार डीजी होमगार्ड्स के पद पर कार्यरत हैं।

# केंद्रीय जलशक्ति मंत्री के साथ जलशक्ति विभाग व स्वच्छ भारत मिशन की विविध परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)प्रधानमंत्री जी ने हर देशवासी को शुद्ध पेयजल सुलभ कराने के उद्देश्य से 15 अगस्त 2019 को घोषित की गई 'जल जीवन मिशन' से आज बुंदेलखंड–विंध्य क्षेत्र की तस्वीरउ बदल रही है। हर घर में शुद्ध पेयजल का सपना पूरा हो रहा है। 'हर घर नल–हर घर जल' के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.64 लाख घरों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाना है। विगत 05 वर्ष में शुद्ध पेयजल से वंचित 02 करोड़ 51 लाख से अधिक आबादी के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। 36 लाख घरों में नल के कनेक्शन लगाये हैं। अकेले विंध्य–बुंदेलखंड क्षेत्र में 18.67 लाख घरों को पाइप्ड पेयजल से जोड़ा गया है। 57.62 लाख घरों में कार्य जारी है। शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिलने लगेगी। इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए।केंद्र व राज्य सरकार साथ मिलकर जलशक्ति, स्वच्छ भारत मिशन, नमामि गंगे परियोजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन करेंगे। केंद्र की टीम को 'टीम यूपी' को पूरा सहयोग मिलेगा। हमारा लक्ष्य है कि मार्च 2024 तक हर राजस्व ग्राम के हर घर में पीने का साफ पानी उपलब्ध हो। जल जीवन मिशन के कार्यों की कृषि उत्पादन आयुक्त के स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा की जाए। इसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराएं। मंत्रीगणध्अधिकारीगण फील्ड विजिट करें।स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। कार्यपद्धति में पूरी शुचिता और पारदर्शिता होनी चाहिए। जल जीवन मिशन से 100% संतृप्त गांवों का पारदर्शिता के साथ सत्यापन होना चाहिए। जब गांव के हर एक घर में नल से जल आना शुरू हो जाए, पानी पर्याप्त हो और गुणवत्ता संतुष्टिपरक हो, तब वहां ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित कर लाभान्वित लोगों की संतुष्टि का स्तर आंका जाए। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाए। अगर एक भी उपभोक्ता असंतुष्ट है तो उनकी अपेक्षाओं को पूरा किया जाए। आर्सेनिक, फ्लोराइड, खारापन, नाइट्रेट, आयरन आदि के कारण गुणवत्ता प्रभावित जल वाले क्षेत्रों के सुधार के लिए जल जीवन मिशन अंतर्गत विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इन क्षेत्रों में कार्य तेज किए जाने की जरूरत है। शुचिता और पारदर्शिता के दृष्टिगत यह सुनिश्चित कराया जाए कि विकास परियोजनाओं के लिए डीपीआर तैयार करने वाली संस्था परियोजना के क्रियान्वयन/निर्माण आदि के लिए होने वाली टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं लें। इस व्यवस्था पर कड़ाई से अमल किया जाए। प्रदेश के 23 हजार गांवों में जहां कार्य जारी हैं, उन्हें आगामी 06 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखें। जिन 18,629 गांवों के लिए डीपीआर तैयार है, उनकी ैस्ब् की स्वीकृति की प्रक्रिया प्रत्येक दशा में अगले एक माह के भीतर पूरी कर ली जाए। जल जीवन मिशन के लिए विलेज एक्शन प्लान ग्राम पंचायत के बजाय राजस्व गांवों के स्तर पर बनाया जाए। सभी 97 हजार राजस्व गांवों में इस कार्य को तेजी से पूरा कर लिया जाए। वाटर टेस्टिंग के कार्य से स्थानीय जल समितियों को जोड़ा जाए। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित कर उन्हें भी इस कार्य में शामिल किया जा सकता है। जल जीवन मिशन और नमामि गंगे परियोजनाओं के कार्यों का जिलाधिकारी स्तर पर सतत अनुश्रवण किया जाए। यथाशीघ्र राज्य स्तर पर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) नियुक्त किया जाए। हर ग्राम पंचायत में न्यूनतम एक सामुदायिक शौचालय कॉम्प्लेक्स के निर्माण का संकल्प पूरा होने की ओर है। सतत प्रयासों से प्रदेश के 58,289 ग्राम पंचायतों में से 57,266 में सामुदायिक शौचालय बन चुके हैं। स्थानीय ग्रामीण महिला को ही इनका केयरटेकर भी नियुक्त किया गया है। कॉम्प्लेक्स के प्रबंधन व रखरखाव के लिए 3,000 और केयरटेकर को 6,000 मासिक भुगतान भी किया जा रहा है। इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को काफी सुविधा मिली है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश खुले में शौच से मुक्त हो चुका है। अब हम ओडीएफ़ की ओर अग्रसर हैं। इस कार्य को तय लक्ष्य के सापेक्ष समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। भारत सरकार की अटल भूजल योजना को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों को भी भूजल योजना से जोड़ा है। बुंदेलखंड में इस योजना के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। भूजल संरक्षण के लिए जनसहभागिता बहुत जरूरी है। इस अभियान से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के प्रयास हों। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश के खेतों में सिंचाई की सुविधा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। बाणसागर, सरयू नहर, अर्जुन सहायक जैसी परियोजनाओं ने किसानों को बड़ी राहत दी है। खेत तक पानी पहुंचाने के लिए कुलाबे की जगह पाइप का प्रयोग करने पर भी विचार करें। बांध के पुनरुद्धार और सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा अभिनव पहल की गई है। इस परियोजना में उत्तर प्रदेश के अधिकाधिक बांधों को शामिल कराया जाए। परियोजना से मौजूदा चयनित बांधों की सुरक्षा और संचालन क्षमता में सुधार होगा और उनकी असफलता का जोखिम कम होगा। साथ ही, आजीविका के लिए बांधों के जलक्षेत्र पर निर्भर शहरी और ग्रामीण समुदाय के लोगों को मिलेगा। बांधों में सिल्ट की समस्या के स्थायी निदान के लिए ठोस प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के संबंधित विभागीय मंत्रीगण, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारी गणों की सहभागिता रही।

# वैश्य समाज की अनदेखी करने वालों को नहीं माफ करेगा वैश्य समाज – बनवारी लाल

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)वैश्य समाज की अनदेखी करने वालों को वैश्य समाज नही माफ करेगा।उक्त उदगार व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी एवं पूर्वांचल के जिला प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए स्थानीय गेस्ट हाउस नाका पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व संगठन के राष्ट्रीय सचिव बनवारी लाल सिंघल पूर्व विधायक अलवर राजस्थान ने कहा।इस मौके पर उन्होने कहा कि वैश्य समाज को अपनी एकजुटता के माध्यम से अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना होगा। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नटवर गोयल ने कहा कि वैश्य समाज की उपेक्षा अब बहुत हो चुकी है, वह समाज के लिए अब मरने मिटने का समय आ चुका है, ऐसे में हम अपनी एकजुटता के माध्यम से वैश्य समाज को शिखर पर पहुंचाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सुधीर एस. हलवासिया ने कहा कि वैश्य समाज की लड़ाई अब हम सभी सड़कों पर उतर कर शासन और प्रशासन से अपने वैश्य समाज के हित के लिए लड़ेंगे , वैश्य समाज का जहां भी कोई भी पीड़ित पक्ष होगा , उसे न्याय दिलाने के लिए पूरा संघर्ष किया जाएगा। कार्यक्रम को कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश बंसल व कार्यकारी अध्यक्ष भागीरथ पचेरीवाला, पूर्व उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी के एल गुप्ता, पूर्व आईएएस यूके मित्तल, स्टेट बैंक के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी योगेश जैन , संगठन के वरिष्ठ नेता रजनीश गुप्ता बॉबी, संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री रीता मित्तल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भागीरथ पचेरीवाला ,पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश पुलिस केएल गुप्ता ,स्टेट बैंक के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी योगेश जैन, अमित वार्ष्णेय ,पूर्व आईएएस यूके मित्तल तथा संगठन के रजनीश गुप्ता बॉबी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल राष्ट्रीय नेता उमेश मित्तल आदि ने भी सम्बोधित किया । कार्यक्रम का सफल संचालन संगठन के प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र अग्रहरी ने किया तथा कार्यक्रम का संयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने किया।उक्त अवसर पर कार्यक्रम को भव्य व सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन जनपद अयोध्या एवं महानगर अयोध्या की गई अपने जिला अध्यक्ष देवेंद्र अग्रहरि के नेतृत्व में केशव बिगुलर रामबाबू कसौधन, अरुण अग्रहरी ,राम तेरस कसौधन, डॉक्टर विष्णु गुप्ता, दीपक जायसवाल, अशोक कसौधान, जगदीश प्रसाद गुप्ता, अनुभव जायसवाल अनु पार्षद, ध्रुव गुप्ता ,अशोक गुप्ता, अरुण अग्रवाल, विष्णु शंकर अग्रहरी, महानगर अध्यक्ष रोहिताश चंद्र राजू के नेतृत्व में डॉक्टर अखिलेश वैश्य, अशोक गुप्ता डॉ अशोक जायसवाल अरविंद गुप्ता प्रकाश चंद्र गुप्ता अरविंद मोदनवाल संजय गुप्ता बबलू रामसूरत चौरसिया घनश्याम जायसवाल श्याम जी जायसवाल विश्व विनोद जायसवाल पंकज गुप्ता संजय गुप्ता श्याम लाल साहू दिलीप अग्रहरी आदि संगठन के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव एवं डीसी मनरेगा नागेंद्र राम मोहन त्रिपाठी ने किया औचक निरीक्षण

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव एवं डीसी मनरेगा नागेंद्र राम मोहन त्रिपाठी ने जिले के मिल्कीपुर क्षेत्र मे अमानीगंज ब्लाक का औचक निरीक्षण किया।इन दोनों अधिकारियों के अचानक ब्लाक पर अधिकारियों के पहुंचते ही ब्लॉक कर्मियों के बीच हडकंप मच गया। दोनों अफसरों ने ब्लॉक का निरीक्षण कर दस्तावेजों की जांच करते हुए उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया तो निरीक्षण में आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी अनुपस्थित मिले।वही अनुपस्थित मिले कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या अनीता यादव व डीसी मनरेगा नागेंद्र राम मोहन त्रिपाठी ने अमानीगंज ब्लाक मुख्यालय पहुंचे जहां पर खंड विकास अधिकारी रामबरन व सहायक पंचायत अधिकारी शिव कुमार चौबे उपस्थित रहे।वहीं जब उपस्थिति पंजिका का मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव ने निरीक्षण किया तो निरीक्षण में मनरेगा स्टाफ जुवेद अहमद, राम कुमार, रमेश तिवारी, राजेश कुमार सिंह तकनीकी सहायक, ब्लॉक मुख्यालय के ऑफिस स्टाफ अमित कुमार कसौधान जेई एम आई, संदीप कुमार, सच्चिदानंद बी टी , आशीष वर्मा, इंदु मिश्रा एनआरएलएम व कार्यालय की चपरासी शिव पता भी गैरहाजिर मिली।जिसके बाद खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में बैठकर ब्लॉक मुख्यालय के विभिन्न पत्रावलिओं का अवलोकन किया पत्रावली में गड़बड़ी देखने पर संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए शेष कार्यों को समय से पूर्ण करने वह पत्रावलिओ को ठीक से रखने के निर्देश दिए।इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अनुपस्थित पाए जाने वाले सभी कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है स्पष्टीकरण आने के बाद कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ओमप्रकाश पुत्र छोटेलाल ग्राम व पोस्ट मल्हनी थाना सरायख्वाजा तहसील सदर जनपद जौनपुर का मूल निवासी हूं। मेरे द्वारा एसबीआई लाइफ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत एक बीमा भारतीय स्टेट बैंक शाखा मल्हनी बाजार जौनपुर में करवाया गया है जिसका खाता संख्या 38554709649 है। उपरोक्त खाता संख्या में मेरी पत्नी सरिता देवी नामनी है, जिसका नाम कंप्यूटर में फार्म भरते समय त्रुटिवश सरिता देवी के स्थान पर किरता देवी अंकित हो गया है। सरिता देवी व किरता देवी दोनों नाम मेरी पत्नी का व एक ही महिला का नाम है जिसमें कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

**–ओमप्रकाश पुत्र छोटेलाल**

**ग्राम व पोस्ट मल्हनी थाना सरायख्वाजा तहसील सदर (जौनपुर)**

# सीएफओ अयोध्या राज किशोर राय के नेतृत्व में शहर में चला चेकिंग व जागरुकता अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार को पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संपूर्ण उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में स्कीम नंबर 04 के तहत मॉल/मल्टीप्लेक्स के फायर ऑडिट इवैकुएशन ड्रिल कराए जाने विषयक आदेश के अनुपालन



में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या शैलेश कुमार पांडेय के आदेशानुसार मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय के नेतृत्व में 11 व 12 मई को एक चेकिंग व जागरुकता अभियान चलाया गया।इस मौके पर लीडिंग फायरमैन जय मूर्ति यादव फायर सर्विस चालक राम प्रसाद पाण्डेय, फायर सर्विस चालक हृदयनाथ विश्वकर्मा फायरमैन सुनील तिवारी, फायरमैन निशांत सिंह आदि के द्वारा विशाल मेगा मार्ट सिविल लाइन, सिटी कार्ट नाका, मेगा शाप हनुमान गढ़ी नाका, वी मार्ट अग्रसेन चौक, रिलायंस मार्ट रायबरेली रोड ,एसएनवी शाप नाका चुंगी का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया उपलब्ध अग्निशमन व्यवस्थाओं को चेक किया गया तथा उपस्थित स्टाफ व अन्य को आग से बचाव के बारे में जागरूक किया गया व प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों को चलाने के बारे में बताया गया तथा मॉक ड्रिल कराया गया।

# सत्रह वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर दी अपनी जान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के भीखी का पूरा गांव में एक 22 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूत्र के मुताबिक सुबह जानकारी होने पर मृतका के परिजनों ने खंडासा पुलिस को घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ज्ञात हो कि युवती खुशबू पुत्री भोलानाथ देर शाम अपने कमरे में सोई हुई थी जो पिछले कुछ दिनों से टाइफाइड से पीड़ित चल रही थी। सुबह जब नहीं उठी तो परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई और पुलिस को सूचना दी। चौकी इंचार्ज खंडासा अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# मीडिया सेंटर में जलपान की व्यवस्था के लिए डॉ मुरलीधर सिंह ने सरकार से मांगा बजट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उप निदेशक सूचना (अयोध्या एवं लखनऊ) डॉ. मुरलीधर सिंह ने पत्रकारों की सूचना एवं संवाद के लिए स्थापित लोकभवन आदि मीडिया सेंटर पर जलपान की व्यवस्था हेतु निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उ.प्र. लखनऊ से मांगा बजट। डॉ. मुरलीधर सिंह ने बताया कि वर्तमान सरकार के पिछले कार्यकाल से वर्तमान कार्यकाल तक प्रत्येक मंगलवार को माननीय मुख्यमंत्री जी की कैबिनेट की बैठक होती है। यदि देखा जाए तो साल में लगभग 52 मंगलवार होते हैं। जिसमें कोविड–19 के कारण योगी सरकार के पिछले कार्यकाल में लगभग 35 से 40 बार ही कैबिनेट की बैठक हुई है। डॉ. मुरलीधर सिंह ने कहा कि सिर्फ और सिर्फ हमारी सरकार से बस यही मांग है कि कैबिनेट व अन्य मीडिया सेंटर पर होने वाली मीटिंगों में उपस्थित रहने वाले पत्रकार साथियों के लिए जलपान की व्यवस्था की जाए। इसमें मीडिया सेंटर ऐनस्की के लिए 20000 रुपए, विधानसभा मीडिया सेंटर के लिए 20000 रुपए व लोक भवन मीडिया सेंटर के लिए 10000 रुपए मात्र प्रतिमाह बजट की आवश्यकता है। इसके लिए योगी सरकार से मेरा अनुरोध है कि इस बजट को विभाग के माध्यम से आवंटित किया जाए। क्योंकि मेरा मीडिया क्षेत्र में लगभग 34 वर्षों का अनुभव है कि पत्रकार साथियों को मात्र सम्मान एवं सूचना चाहिए। इसके अलावा व्यक्तिगत तौर पर हम लोगों को कुछ नहीं चाहिए।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।